भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3055
09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय

3055. श्री आदित्य यादव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उक्त चिकित्सा महाविद्यालय में निर्धारित मानकों के अनुसार चिकित्सकों, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं आवश्यक उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण आम जनता को उचित उपचार प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार द्वारा उक्त सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय में मानकों के अनुसार चिकित्सकों, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की संभावना है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए यदि कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है तो वह क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): बदायूं, उत्तर प्रदेश में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) राज्य द्वारा वित्तपोषित चिकित्सा महाविद्यालय है। कॉलेज का निर्माण और प्रबंधन उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है।

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि कॉलेज शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से कार्यशील है। कॉलेज में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और आवश्यक उपकरण हैं और आम जनता को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

******